श्रीगुरुमाई की ओर से
वर्ष २०१७ के लिए क्रिस्मस की शुभकामनाएँ

श्रीगुरुमाई की ओर से वर्ष २०१७ के लिए क्रिस्मस की शुभकामनाएँ — अस्त हो रहे इस अद्‌भुत वर्ष में, श्रीगुरुमाई की शुभकामाओं का यह अनुपम उपहार ग्रहण करने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।

हमेशा की ही तरह, जब हमें श्रीगुरुमाई से उपहार प्राप्त होता है, चाहे वह किसी भी रूप में हो, तो उसमें कितनी ही सिखावनियाँ और पवित्र चिह्न होते हैं जिन्हें हम खोज सकते हैं, जिनका अन्वेषण कर सकते हैं; हम उनका अध्ययन व अभ्यास कर उन्हें आत्मसात्‌ कर सकते हैं तथा उन्हें कार्यान्वित कर सकते हैं। श्रीगुरुमाई की ओर से वर्ष २०१७ के लिए शुभकामनाओं के इस उपहार के विषय में भी ऐसा ही है। एक छोटा-सा संकेत : इसके कुछ चित्र हमें आमन्त्रित करते हैं कि हम वर्ष २०१७ के लिए श्रीगुरुमाई के सन्देश के अपने अध्ययन पर एक बार फिर मनन करें। इसका आनन्द लें!

श्रीगुरुमाई की ओर से शुभकामनाओं के इस उपहार में जो संगीत सुनाई दे रहा है, वह संस्कृत भाषा में रचित "प्रार्थना" के श्लोक ४ व ५ की धुन है।

प्रार्थना

श्लोक ४

सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों,
सभी लोग सर्वत्र कल्याण को देखें,
किसी को भी कभी दुःख न हो।

श्लोक ५

सभी दुर्ग की तरह खड़ी बाधाओं को पार कर लें,
सभी मंगल को देखें।
सभी की कामनाएँ परिपूर्ण हों,
सभी सर्वत्र आनन्द प्राप्त करें।

प्रार्थना, श्लोक ४ व ५, हिन्दी भाषान्तर 'स्वाध्याय सुधा' से [चित्‌शक्ति पब्लिकेशन्स, चेन्नई, २०१६] पृष्ठ २१७

© २०१७ एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।